# शासकीय स्कूलों ने निजी स्कूलों को पछाड़ कर मारी बाजी

## कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम 79.0 प्रतिशत और कक्षा 12वी का परिक्षा परिणाम 81. 9 प्रतिशत रहा

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 15 अप्रैल, आज कक्षा 10वी और 12वी के परिक्षा परिणाम घोषित किया गया. इस वर्ष शासकीय स्कूलों ने निजी स्कूल के परिक्षा परिणाम में पछाड़ दिया.कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम 79.0 प्रतिशत और कक्षा 12वी का परिक्षा परिणाम 81. 9 प्रतिशत रहा. कक्षा 10 वी में जिले भर के 13 बच्चों ने मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज किया है वही कक्षा 12 वी में जिले के 5 बच्चों ने मैरिट सूची में अपना नाम दर्द किया है.**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा का परिणाम में कक्षा 10वीं में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाड़ा की छात्रा कु.अक्षरा ओक्टे ने प्रदेश मैरिट सूची में 5वां स्थान पाया .



माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा का परिणाम में कक्षा 12वीं में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाड़ा की छात्रा कु.दीपाली सोनी ने प्रदेश की मैरिट सूची में तृतीय स्थान.



10 वी की परीक्षा में इस वर्ष जिले के 23775 परीक्षार्थी सम्मिलित हुये जिसमें प्रथम श्रेणी मे 12880 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी में 5789 विद्यार्थी, तृतीय श्रेणी में 101 विद्यार्थी कुल 18770 विद्यार्थियों द्वारा सफलता प्राप्त की गई तथा जिले का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 79.0 प्रतिशत रहा. इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा में इस वर्ष जिले के 17879 परीक्षार्थी सम्मिलित हुये जिसमें प्रथम श्रेणी मे 11742 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी में 2874 विद्यार्थी, तृतीय श्रेणी में 19 विद्यार्थी कुल 14635 परीक्षार्थियों द्वारा सफलता प्राप्त की गई तथा जिले का हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम 81.9 प्रतिशत रहा. विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी हाईस्कूल परीक्षा के नियमित परीक्षार्थियों में छात्राओं ने छात्रों से बाजी मारी है, उत्तीर्ण छात्रों का परीक्षाफल 73.8त्न तथा उत्तीर्ण छात्राओं का परीक्षाफल 83.5 प्रतिशत रहा है. इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा के नियमित परीक्षार्थियों में भी छात्राओं ने छात्रों से बाजी मारी है, उत्तीर्ण छात्रों का परीक्षाफल 80 प्रतिशत तथा उत्तीर्ण छात्राओं का परीक्षाफल 83.3 प्रतिशत रहा है.

### अशासकीय स्कूलों का 70.67 प्रतिशत रहा

घोषित परीक्षा परिणामों में इस वर्ष जिले की शासकीय संस्थाओं ने अशासकीय शिक्षण संस्?थाओं को पछाड़ते हुये बाजी मारी. हाईस्कूल परीक्षा परिणामों में शासकीय शिक्षण संस्थाओं का परीक्षा परिणाम 85.43 प्रतिशत तथा अशासकीय शिक्षण संस्थाओं का परीक्षा परिणाम 70.43 प्रतिशत रहा । इसी प्रकार हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणामों में शासकीय शिक्षण संस्थाओं का परीक्षा परिणाम 81.51 प्रतिशत तथा अशासकीय शिक्षण संस्थाओं का परीक्षा परिणाम 70.67 प्रतिशत रहा. माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी हाईस्कूल परीक्षा की प्रदेश प्रावीण्य सूची में जिले के 13 परीक्षार्थियों एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा की प्रदेश प्रावीण्य सूची में 05 परीक्षार्थियों द्वारा स्थान प्राप्त किया गया.

### कक्षा 10 वी : प्रदेश की सूची में मिला स्थान

कक्षा 10 वी के परिक्षा परिणाम में सौंसर के शासकीय सांदीपनी स्कूल की निकिता फरकासे ने 497 अंक अर्जित कर प्रदेश में तीसरा स्थान पाया, छिंदवाड़ा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की अक्षरा ओक्टे ने 495 अंक अर्जित कर पांचवा स्थिान पाया, छिंदवाड़ा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की आभा शर्मा ने 495 अंक अर्जित कर पांचवा स्थिान पाया, सौंसर के शासकीय सांदीपनी स्कूल के मोहित गुलमुले ने 494 अर्जित कर छ: स्थान पाया, चौरई के ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल चांद की प्रज्ञा माहोरे ने 493 अंक अर्जित कर सातवा स्थान पाया, पाढुंर्णा के शासकीय सांदीपनी स्कूल हर्षदा विरखरे ने 493 अंक अर्जित कर सातवा स्थान पाया. छिंदवाड़ा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय अभिषेक बोवड़ ने 493 अंक अर्जित कर सातवा स्थान पाया, सौंसर के बोरगांव के लिटिल स्पेट स्कूल आदर्श मानेराव ने 492 अंक अर्जित कर आठवां स्थान पाया, छिंदवाड़ा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के गार्गी पराड़कर ने 492 अंक अर्जित कर आठवां स्थान पाया, पाढुंर्णा के सरस्वती शिशु मंदिर तीगांव के निशांत वानखेड़े ने 490 अंक अर्जित कर दसवा स्थान पाया, मोहखेड़ के शासकीय स्कूल सांवरी के तन्मय शिरके ने 490 अंक अर्जित कर दसवा स्थान पाया, चौरई के ग्रमीनवुड पब्लिक स्कूल के पार्थ साहू ने 490 अंक अर्जित कर दसवा स्थान पाया, छिंदवाड़ा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की सानिया सूर्यवंशी ने 490 अंक अर्जित कर दसवा स्थान पाया.

### कक्षा 12 वी : प्रदेश की सूची में मिला स्थान

हायर सेंकेंडरी स्कूल के परिणाम में छिंदवाड़ा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की दीपाली सोनी ने 488 अंक अर्जित कर तीसरा स्थान पाया, छिंदवाड़ा के सनरेज पब्लिक स्कूल की प्रेरणा रघुवंशी ने 287 अंक अर्जित कर छटवां स्थान पाया, पाढुंर्णा के न्यू सनफ्लावर स्कूल की मेघा विंगने ने 483 अंक अर्जित कर दसवा स्थान पाया, मोहखेड़ के संस्कार सृजन स्कूल उमरानाला की पायल कड़वे ने 483 अंक अर्जित कर दसवा स्थान पाया, अमरवाड़ा के शासकीय कन्या शाला की कुमकुम अहरवार ने 478 अंक अर्जित कर तीसरा स्थान पाया.

## एक नजर में

### दसवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**छिंदवाड़ा।** परासिया की रहने वाली दसवी की छात्रा ने परिक्षा परिणाम सुनने के बाद ननिहाल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस दर्द विदारक घटना ने लोगों को झकझौर कर रख दिया है। जानकारी अनुसार सानिया पिता सतीश मालवी उम्र 17 साल परासिया की रहने वाली है। वह कुछ दिनों से ननिहाल आई हुई थी। बुधवार को वह अपना रिजल्ट देख वह सदमे में चली गई। वह तीन विषयों में फैल हो गई थी। इसके बाद वह सीधे बाथरूम चली गई। तकरीबन आधा धंटे तक बाहर नहीं निकली। इसके बाद उसकी छोटी बहन ने बाथरूम जाकर दरवाजा खटखटाया, लेकिन नहीं खुला। उसने यह बात परिजनों को बताई। परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। जैसे ही दरवाजा खुला फांसी पर लटका देखकर सभी दंग रह गए। तत्काल उसे फंदे से उतारक जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### सांसद ने दु :खी परिजनों से मुलाकात कर दिवंगतों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने विगत दिनों दिवंगत हुए लोगों के निवास स्थान और कार्यक्रमों में पहुंचकर मृतजनों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवारों से मुलाकात करते हुए अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। सांसद ने अन्य लोगों से भी उनके निवास स्थान पहुंचकर उनसे मुलाकात की। सांसद बंटी विवेक साहू ने बुधवार को राज कहार के निवास पर पहुंचकर उनके पिताजी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए परिवारजनों को अपनी सांत्वना दी वहीं सत्यनारायण विश्वकर्मा व लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा के निवास पर पहुंचकर उनकी माताजी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए परिवारजनों को ढांढस बंधाया। सांसद श्री साहू ने राजेश राउत के निवास पर पहुंचकर उनके पिता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिवारजनों को सांत्वना दी वहीं कुंडाली में आतिश ठाकरे के निवास पर पहुंचकर उनके पिता के निधन पर भी दुख व्यक्त करते हुए परिवारजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने दिवंगत जनों के छायाचित्र पर पुष्पांजली अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत जनों को अपने श्री चरणों में स्थान देते हुए उन्हें मोक्ष प्रदान करें। सांसद बंटी विवेक साहू ने सोनपुर रोड में विगत दिनों भीषण आगजनी के दौरान डिस्पोजल फैक्ट्री में हुई क्षति का निरीक्षण किया और दीपक साहू निवास स्थान पहुंचकर शासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### सोनपुर रोड टाउन-3 फीडर क्षेत्र अंतर्गत आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** कार्यपालन अभियंता शहर संभाग छिन्दवाड़ा द्वारा जानकारी दी गई है कि 16 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को शहर वितरण केंद्र छिन्दवाड़ा के अंतर्गत 11 के.व्ही. सोनपुर रोड टाउन-3 फीडर पर मानसून पूर्व विद्युत लाइनों एवं उपकरणों के सुधार एवं रख-रखाव कार्य किए जाएंगे। इस कारण सुबह 07बजे से दोपहर 11बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल 2026 को छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत आने वाले प्रभावित क्षेत्रों में चाँद नाका, खिरकापूरा, पावर हाउस, राम मंदिर रॅायल चौक, श्रेयांश टाकिज, शांतिनाथ भवन, सहेली रेस्टोरेंट, पुराना बैल बाजार, अली नगर, मालवीय नगर, रिजर्व पुलिस लाइन, सतीजा मोटर्स, वैष्णव कॉम्प्लेक्स, बड़ा तालाब बोरिंग, तिलक मार्केट, होटल साकेत, एम.एस. टावर आदि संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस आवश्यक कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है । बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल किया जा सकता है।

### सांदीपनि विद्यालय गुरैया का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट, छात्र-छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**छिन्दवाड़ा।** हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री परीक्षाओं में सांदीपनि विद्यालय गुरैया के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल परीक्षा 2026 में कक्षा 10वीं के कुल 159 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 152 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 95.5 प्रतिशत रहा। उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से 124 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की, जबकि 49 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। इस परीक्षा में भूमिका सूर्यवंशी ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार हायर सेकेण्ड्री परीक्षा 2026 में कुल 112 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 102 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। परीक्षा का कुल परिणाम 96.42 प्रतिशत रहा। इनमें से 39 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो लेपटॉप योजना हेतु पात्र हैं। हायर सेकेण्ड्री में पलक पाल ने कॉमर्स संकाय से 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही पलक पाल (कॉमर्स संकाय 90.6 प्रतिशत) एवं सैफुल्लह खालिद (गणित संकाय 90.2 प्रतिशत) शासन की स्कूटी प्रदाय योजना हेतु पात्र घोषित हुए हैं। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी । * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589